क्षेत्र नगर व ग्रामीणांचल में रविवार को एसडीएम रजिस्टर नहीं मिला। मौके पर

क्विक हील फाउंडेशन ने दी राठ-सरीला क्षेत्र के लिए आरोग्य वैन

राठ : क्विक हील द्वारा दी गई वैन को हरीझंडी दिखाकर क्षेत्र में रवाना किया गया।

राठ (एसएनबी)। राठ व सरीला क्षेत्र के गांवों में स्वास्थ्य सेवाओं की कमी के चलते क्विक हील फाउडेंशन द्वारा सृजन एक सोच संस्था के सहयोग से मेडिकल मोबाइल वैन का शुभारंभ किया गया। मोबाइल वैन को क्विक हील फाउंडेशन की हेड अनुपमा काटकर व सृजन एक सोच के फाउंडर सीईओ प्रभात सक्सेना ने हरी झंडी दिखाते हुए शुभारम्भ किया। इस दौरान सृजन एक सोच द्वारा करीब एक दर्जन डाक्टरों को भी सृजन हेल्थ हीरो अवार्ड से सम्मानित किया गया। साथ ही सृजन एक सोच द्वारा कोविड की दूसरी लहर के दौरान हुई मौतों के परिजनों को तीसतीस हजार रुपये की चेक भी बांटी गईं। इस दौरान गांव के बच्चों की सुरक्षा के लिए प्राइमरी स्कूल के अध्यापकों को पल्स आक्सीमीटर और टेम्परेचर मीटर, मास्क, सेनेटाइजर से बनी किटें भी दी गईं।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सृजन एक सोच के संस्थापक प्रभात सक्सेना ने कहा कि वे बुन्देलखण्ड के उत्थान व समाजहित में अनेकों काम लगातार करते आ रहे हैं। इसी क्रम में क्विक हील फाउंडेशन द्वारा जो मोबाइल मेडिकल वैन क्षेत्र के लिए दान में दी गई है। उससे क्षेत्र के गरीब ग्रामीणों को बड़ा लाभ मिलेगा। इसके साथ ही सृजन एक सोच द्वारा वेन में उपस्थित डाक्टर के मायम से निःशुल्क दवाएं भी वितरित की जाएंगी। कहा कि वे क्विक हील फाउंडेशन का बहुत बहुत धन्यवाद देते हैं कि हील फाउंडेशन की चेयरपर्सन अनुपमा काटकर ने कहा कि बुन्देलखण्ड को पिछड़ेपन और स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी के चलते क्विक हील द्वारा क्षेत्र के लिए एक चलता फिरता हास्पिटल दिया गया है जो यहां के क्षेत्र के लिए बड़ा मदार होगा। उन्होंने कहा कि उन्हें खुशी है कि वे इस पिछड़े क्षेत्र में काम कर पा रहीं हैं। क्विक हील के अजय शिरके ने कहा कि सृजन बहुत अच्छा काम किया। वह आने वाले समय में बुन्देलखण्ड के विकास के लिए और भी काम सृजन के साथ करती रहेंगी।

इस दौरान विधायक प्रतिनिधि भरत अनुरागी ने कहा सृजन एक सोच द्वारा लगातार क्षेत्र में जनकल्याण के अनेकों कार्यो को किया जा रहा है। जिसका सीधा लाभ ग्रामीणों को मिल रहा है। इस दौरान कार्यक्रम के दौरान डा. आर आर गुप्ता, डा. सुभाष राजपूत, डा. सुभाष, डा. एचपी सिंह, सृजन के अपरेशन हेड रविन्द्र कुमार, कन्ट्री हेड विनय गुप्ता, पारुल, प्रशांत आदि मौजूद रहे।